वि. वि. मं.
रामकृष्ण महादेव साळगांवकर उच्च माध्य. विद्यालय
कोंब मडगांव गोवा
व्दितीय सत्र परीक्षा

दिनांक: २८ \ ३ \ २०२२ विषय :हिन्दी समय: १ १|२ घंटे
कक्षा: ११वी अंक: ४०

सूचना:

१.प्रत्येक मुख्य प्रश्न का उत्तर नये पन्ने से ही शुरू करें।
२. प्रश्न कमांक और उप प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
३.सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
४.दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

प्र.१.क) पाठ्य पुस्तक के आधार पर कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थान में भरकर पूर्ण वाक्य फिर से लिखिए । (१)

अ) हम एकदम ___________ क्षेत्र से गुजरे रहे थे ।(मैदानी , पहाडी , जंगली)

ख) पाठ्य पुस्तक के आधार पर कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थान में भरकर निम्नलिखित काव्य पंक्ति को फिर से लिखिए । (१)

अ) इसी बडे की छाया ने तो हमको ___________बना रखा ।(नाटा , बौना , छोटा)

ग) निम्नलिखित गंद्याश को पढकर अंत में पूछे गये प्रश्नों केउत्तर लिखिए। (३)

द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात सन् १९५० से १९६५ के दौरान रूस और अमेरिका ने जिस तरह बेतहाशा अणु विस्फोट किए उन्होंने जल और वायु पर्यावरण को उधेडकर रख दिया। उनसे विषाक्त घासें चरने पर मवेशी और उनके दूध पीनेवाले जीव मृत्यु के झुले झुलने लगे। आखिर हारकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुले अणु विस्फोटों पर रोक लगानी पडी।खाद्य प्रदुषण में तो हमारा देश संसार में अजेय है। यहाँ तक कि दवाई हो या संखिया,मिलावट के सूरमा आपका जीना तो मरना भी मुश्किल कर देंगे।

प्रश्न:

१) द्वितीय विश्वयुद्ध केपश्चात् किसने और कैसे जल और वायु पर्यावरण को उधेडकर रख दिया ?
२) अंतर्राष्ट्रिय स्तर पर खुले विस्फोटों पर रोक क्यों लगानी पडी ?
३) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और उसकेलेखक कौन है ?

प्र२.क) निम्नलिखित अवतरणों में से **किसी एक** का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए। (४)

अ) " हमने तो भेज भी दिया गवर्नर पंजाब को अपना मर्सी पिटीशन "।

आ) " गैया को बेच देते, तो आज तेहवार के दिन इस तरह भूखे प्यासे .... "।

ख) निम्नलिखित पद्य अवतरणों में से **किसी एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (३)

अ) सिवा समय के, और सभी के
खेल खत्म हो जाते
हर युग का दिन ढलता,
रजनी जाती, पौ फटती है।

आ) और भी पहले वे कई बार आए है
एक बार
जब उनके हाथों मे भाले थे
घोडों की टापों से खैबर की चट्टाने काँपी थी।

प्र३.क) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही दो** के उत्तर लिखिए। (हरेक प्रश्न का उत्तर लगभग ४० से ४५ शब्दों में हो।) (५)

अ) सयाजी के गऊ प्रेम को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

आ) चित्रा ने अरूणा की समाज सेवा के बारे में क्या कहा है ?

इ) राक्षस ताल के विषय में गाइड ने क्या कहा है ?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर २० से २५ शब्दों में लिखिए। (२)

अ) रुष्ट पीढी अपना दुख कैसे व्यक्त करती है ?

आ) ' मेरा जीवन ' कविता में कवयित्री ने सकारात्मक दृष्टीकोन को कैसे दर्शाया है ?

प्र४.क) निम्नलिखित किन्ही दो शब्दों के विरूद्धार्थी रूप लिखिए। (२)

अनाथ, जवान, निर्जीव

ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के रूप उपसर्ग लगाकर बदलिए। (२)

घर, क्षण, जान

ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (२)

अ) इसकी दंड विधान ही बदल जाएगा।

आ) पहले सफेद बाल की दिखना एक पर्व था।

घ) कोष्टकों में दी गई सूचनाओं के अनुसार काल परिवर्तन करके वाक्यों को फिर से लिखिए । (कोई दो) (२)

अ) मेरी पत्नी विधवा जीवन बिता रही है। (सामान्य भविष्यकाल)

आ) कवि का मन विचलित हुआ। (अपूर्ण वर्तमान काल)

इ) ठंड लगने से बच्चे सिहर रहे है। (पूर्ण भूतकाल)

प्र५.क) 'मोटर सायकल चलाते वक्त शिरस्त्राण (हेल्मेट) पहनना आवश्यक है' इस विषय पर मयंक और चिन्मय इन दो छात्रों के बीच हुआ संवाद १० से १२ वाक्यों में लिखिए। (३)

ख) प्रथम / प्रज्ञा काणेकर , पणजी गोवा से नगर में मच्छरों के बढते प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी , नगरपालिका , पणजी गोवा को पत्र लिखता / लिखती है। (५)

प्र ६) निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग १५० शब्दों में निबंध लिखिए। (५)

क) युक्रेन और रशिया युध्द और उसके परिणाम

ख) मैं पुराना छाता बोल रहा हूँ।

ग) महकते बगीचे में एक घंटा

घ) खेल कूद में भारतीय महिलाओं का योगदान